# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

**शुक्रवार, दिनांक 29 फरवरी, 2008**

## तारांकित प्रश्नोत्तर

छ: डोलिया जलाशय की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

1. ( *क्र. 872 ) **महन्त रामसुन्दर दास** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जिला जांजगीर-चांपा के पामगढ़ विकासखण्ड में छ: डोलिया जलाशय निर्माण हेतु किसानों का भूमि का अधिग्रहण किया गया है ? यदि हां, तो कितनी-कितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया ? (ख) क्या छ: डोलिया जलाशय निर्माण में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा किसानों को प्रदान कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों ? (ग) कितने किसानों को मुआवजा राशि अब तक प्रदान नहीं की गयी ? मुआवजा की राशि कब तक प्रदान कर दी जावेगी?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) जी हां. कृषकवार अधिग्रहित भूमि का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-I, II एवं III में दर्शित है. (ख) छिडोलिया जलाशय निर्माण से प्रभावित कुल 443 कृषकों में से 195 कृषकों को मुआवजा भुगतान किया गया है. शेष कृषकों को कम दर के कारण मुआवजा भुगतान हेतु उपस्थित नहीं होने, राजस्व अभिलेख दुरूस्त न होने तथा भू-अर्जन प्रकरण के अवार्ड पारित होने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के कारण भुगतान नहीं किया जा सका. (ग) वर्तमान में 248 कृषकों को मुआवजा भुगतान किया जाना शेष है, जिसमें से पारित अवार्ड के शेष 54 कृषकों को भुगतान हेतु उपस्थित होने तथा राजस्व अभिलेख दुरूस्त होने पर भुगतान किया जा सकता है. शेष 194 कृषकों के भू-अर्जन प्रकरणों के अवार्ड पारित करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. भू-अर्जन प्रकरणों का निराकरण कलेक्टर द्वारा अर्धन्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाता है अत: भुगतान हेतु निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है.

सोनिया जलाशय के मुख्य नहर के माइनर एवं सब माइनर निर्माण कार्यों की स्थिति

2. ( *क्र. 549 ) **श्री राजकमल सिंघानिया** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या ग्राम भंडोरा, पवनी, करवाडबरी, रामपुर एवं लुकापारा विकासखण्ड बिलाईगढ़ अंतर्गत लोवर सोनिया जलाशय के मुख्य नहर में अपूर्ण कार्य एवं पक्के कार्य माइनर तथा सब माइनर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है ? (ख) यदि हां, तो कब ? कृपया तिथि बतावें ? (ग) यदि नहीं, तो निर्माण कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) जी नहीं. (ख) उपरोक्त "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) कार्य के पूर्ण नहीं होने का कारण, ठेकेदार द्वारा धीमी गति से कार्य किया जाना है. ठेकेदार को नियमानुसार अनुबंध के दांडिक प्रावधानों के अंतर्गत सक्षम अधिकारी द्वारा समयावृद्धि प्रदान की गई है.

रायपुर एवं महासमुंद जिले के बंधक श्रमिकों की जानकारी

3. ( *क्र. 454 ) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) उत्तरप्रदेश, बिहार एवं जम्मू कश्मीर सहित अन्य प्रान्तों में प्रदेश के रायपुर, महासमुंद जिले के बंधक बनाए श्रमिकों की कितनी शिकायतें वर्ष 2007-2008 में प्राप्त हुई है ? (ख) उक्त बंधक श्रमिकों में से रिहाई किये गये श्रमिकों की संख्या कितनी है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) 10 शिकायतें. (ख) निरंक.

नि:शुल्क बैलजोड़ी का वितरण

4. ( *क्र. 1004) **श्री रामदयाल उइके** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2006-07 व वर्ष 2007-08 में कोरबा जिले के किस-किस विकासखण्ड में कितनी-कितनी संख्या में नि:शुल्क बैल जोड़ी का वितरण किन-किन एजेन्सियों द्वारा कराया गया ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : वर्ष 2006-07 व वर्ष 2007-08 में कोरबा जिले में नि:शुल्क बैलजोड़ी वितरण की विकासखण्डवार/एजेंसियों सहित विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र. | विकासखण्ड | वर्ष 2006-07 | प्रदायक | वर्ष 2007-08 | प्रदायक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोरबा | 404 | श्री कामेश्वर गिरी | - | - |
| 2. | पाली | 921 | श्री अशोक अग्रवाल | 79 | श्री विनय जायसवाल |
| 3. | करतला | 630 | श्री कामेश्वर गिरी | 216 | श्री विनय जायसवाल |
| 4. | पोड़ीउपरोड़ा | 1000 | श्री अशोक अग्रवाल | - | - |
| 5. | कटघोरा | 921 | श्री कामेश्वर गिरी | 50 | श्री विनय जायसवाल, |
| | | | | 29 | श्री राजेश जैन |
| | **योग** | **3876** | | **374** | |

करनाला जलाशय की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

5. ( *क्र. 143 ) **श्री मोतीलाल देवांगन** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम करनाला जलाशय के किसानों को मुआवजा प्रदान कर दिया गया है ? (ख) यदि हां, तो कब एवं कितने किसान को नहीं दिया गया है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) जिला जांजगीर-चांपा के अंतर्गत करनाला जलाशय निर्माण हेतु किये गये भू-अर्जन से प्रभावित कुल 503 कृषकों में से 208 कृषकों को मुआवजा भुगतान किया गया है. (ख) उपरोक्त 208 कृषकों को वर्ष 1978-79, 1979-80 एवं 2007-08 में मुआवजा भुगतान किया गया है. शेष 295 कृषकों को मुआवजा भुगतान नहीं किया गया है.

उद्योगों द्वारा एनीकट के पानी का उपयोग

6. ( *क्र. 1086 ) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले में किन-किन नदियों के एनीकट के पानी को उद्योगों द्वारा उपयोग में लिया जा रहा है ? उद्योगों के नाम एवं जल की मात्रा का ब्यौरा दें ? (ख) कंडिका "क" के किन-किन एनीकट के जल से मोती की पैदावार की जा रही है ? क्या इस हेतु शासन ने स्वीकृति दी है ? यदि हां, तो कब ? (ग) कंडिका "ख" को खेती किन औद्योगिक समूहों द्वारा की जा रही है और क्या इस हेतु कृषकों के पानी के उपयोग पर प्रतिबंध इन उद्योगों द्वारा लगाया गया है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) राजनांदगांव जिले में विभिन्न नदियों/नालों पर जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित एनीकट के पानी को किसी भी उद्योग द्वारा उपयोग में नहीं लिया जा रहा है. (ख) एवं (ग) उत्तर "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

विभिन्न कार्यों हेतु एशियन डेव्हलप बैंक की राशि का व्यय

7. ( *क्र. 984 ) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि एशियन डेव्हलपमेन्ट बैंक के अंतर्गत वर्ष 2005-06 से 31-1-2008 किन-किन मदों में किस-किस कार्यों के लिए कितनी-कितनी राशि खर्च की गई है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : एशियन डेव्हलपमेंट बैंक के अंतर्गत वर्ष 2005-06 से 31-01-2008 तक मदवार, कार्यवार किये गये व्यय का विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

जिला कबीरधाम को राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत आवंटित राशि

8. ( *क्र. 975) **श्री योगेश्वरराज सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कबीरधाम जिले को राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में कितनी-कितनी राशि को कौन-कौन सी फसलों के बीज प्राप्त हुए हैं ? (ख) आवंटित राशि में से किस-किस विकासखण्ड के कितने-कितने कृषकों को लाभान्वित किया गया ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) वर्ष 2006-07 एवं वर्ष 2007-08 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत कबीरधाम जिले को निम्न मात्रानुसार एवं राशि के बीज प्राप्त हुए :—

**वर्ष 2006-07**

| क्र. | नाम बीज | मात्रा | राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | मिर्च बीज हायब्रिड BSS-141 | 150 कि. ग्रा. | 30,66,600.00 |
| 2. | पामारोजा बीज "तृष्णा" | 2500 कि. ग्रा. | 40,00,000.00 |
| 3. | अदरक बीज "सुप्रभा" | 350 क्विंटल | 19,95,000.00 |

**वर्ष 2007-08**

| क्र. | नाम बीज | मात्रा | राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | मिर्च बीज हायब्रिड BSS-141 | 150 कि. ग्रा. | 30,66,600.00 |
| 2. | अदरक बीज "सुप्रभा" | 525 कि. ग्रा. | 29,92,500.00 |
| 3. | पामारोजा बीज "तृष्णा" | 625 कि. ग्रा. | 10,00,000.00 |
| 4. | धनिया बीज "सम्पो" | 30 क्विंटल | 1,80,000.00 |

(ख) आवंटित राशि में से विकासखण्डवार लाभान्वित कृषकों की जानकारी इस प्रकार है :—

| विकासखंड | लाभान्वित कृषक | |
|---|---|---|
| | वर्ष 2006-07 | वर्ष 2007-08 |
| कवर्धा | 867 | 475 |
| बोड़ला | 292 | 347 |
| सहसपुर लोहारा | 341 | 350 |
| पंडरिया | 512 | 738 |
| **योग** | **2012** | **1910** |

डेयरी प्लांट स्थापना हेतु केन्द्र द्वारा प्राप्त राशि तथा चयनित स्थल

9. ( *क्र. 1052) **श्री महेन्द्र कर्मा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2004 के बाद प्रदेश में डेयरी प्लांट लगाने के लिए केन्द्र सरकार ने कितनी राशि राज्य सरकार को दी थी ? (ख) पहले चरण में डेयरी प्लांट कहां-कहां बनाया जाना प्रस्तावित था ? क्या इसके लिए टेण्डर निकाले गये थे ? यदि हां, तो कब एवं कौन-कौन सी फर्मों ने इसमें भाग लिया था ? (ग) किस फर्म को डेयरी प्लांट निर्माण का कार्य दिया गया ? क्या डेयरी प्लांट के निर्माण का कार्य पूरा हो गया है ? यदि नहीं, तो कब तक पूरा होगा ? (घ) 31-1-08 तक निर्माणकर्ता फर्म को कितना भुगतान कर दिया गया है ?

† परिशिष्ट "एक"

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) वर्ष 2004 के बाद प्रदेश में डेयरी प्लांट लगाने के लिए केन्द्र सरकार ने रु. 150.00 लाख की राशि राज्य सरकार को दी थी. (ख) पहले चरण में डेयरी प्लांट निम्न स्थानों पर बनाया जाना प्रस्तावित था.

1. रायगढ़
2. अम्बिकापुर
3. कोरिया
4. कबीरधाम
5. जशपुर

जशपुर जिले में कुनकुरी एवं बगीचा व कोरिया जिले में भरतपुर शीतकेन्द्र बनाया जाना प्रस्तावित था. जी हां डेयरी प्लांट लगाने हेतु दिनांक 14-1-03 को टेण्डर निकाले गये थे. टेण्डर में निम्न फर्मों ने भाग लिया-

1. मे. वाल्मिकी इंजीनियर्स, पुणे, महाराष्ट्र
2. मे. स्वदेश एग्रोटेक लिमिटेड, भोपाल, मध्यप्रदेश
3. मे. एस. सी. ए. केमीकल्स, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़
4. मे. सीकान एनवायरमेंट टेकनॉलोजिस लिमिटेड भोपाल, मध्यप्रदेश
5. मे. प्राची इंजीनियर्स कलकत्ता, पश्चिम बंगाल

(ग) मे. स्वदेश एग्रोटेक लिमिटेड, भोपाल को डेयरी प्लांट निर्माण का कार्य दिया गया. सभी डेयरी प्लांट का सिविल कार्य पूर्ण हो चुका है. मात्र शीतकेन्द्र भरतपुर जिला कोरिया का संयंत्र अप्राप्त है. जिसे यथा शीघ्र प्राप्त किया जावेगा. रायगढ़, अम्बिकापुर एवं कोरिया में डेयरी प्लांट प्रारंभ हो चुका है. (घ) 31-1-08 तक निर्माणकर्ता फर्म को रु. 4,13,40,800/- (रु. चार करोड़ तेरह लाख चालीस हजार आठ सौ) मात्र भुगतान कर दिया गया है.

गन्ना उत्पादन हेतु कृषकों को प्रदत्त बीज एवं फसल का बीमा

10. ( *क्र. 1011) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला-कबीरधाम, जिला-दुर्ग, जिला-राजनांदगांव एवं जिला-बिलासपुर में वर्ष 2006-2007 एवं वर्ष 2007-2008 में कुल कितने रकबे में गन्ने की खेती की गई है, जिलेवार, रकबावार जानकारी दें ? (ख) क्या उक्त क्षेत्रों एवं अवधि में कृषि विभाग द्वारा गन्ना कृषकों को उन्नत बीज का प्रदाय किया गया है ? यदि हां, तो कौन-कौन सा उन्नत बीज कितनी-कितनी मात्रा में प्रदाय किया है ? जिलेवार विवरण दें ? (ग) क्या गन्ने की खेती का फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल बीमा 2006-2007 एवं 2007-2008 में कराया गया है ? यदि हां, तो कितने कृषकों का कितनी राशि का बीमा कराया गया है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) प्रदेश के कबीरधाम, दुर्ग, राजनांदगांव एवं बिलासपुर जिले में वर्ष 2006-07 एवं वर्ष 2007-08 में निम्नानुसार गन्ना फसल ली गई :—

इकाई हेक्टर में

| क्र. | जिला का नाम | वर्ष 2006-07 | वर्ष 2007-08 |
|---|---|---|---|
| 1. | कबीरधाम | 4816.00 | 4950.00 |
| 2. | दुर्ग | 3235.00 | 3650.00 |
| 3. | राजनांदगांव | 141.00 | 128.00 |
| 4. | बिलासपुर | 1761.00 | 700.00 |

(ख) जी हां. कृषकों को प्रदायित उन्नत गन्ना बीज का जिलेवार विवरण इस प्रकार है :-

| क्र. | जिला | किस्म | इकाई | वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2006-07 | 2007-08 |
| 1. | कबीरधाम | CoJN-86141 | मे. टन | 425 | - |
| | | Co-86032 | मे. टन | 40 | - |
| | | Co-86032 टिशु कल्चर पौधे | संख्या | 2,10,800 | - |
| | | Co-91012 | मे. टन | 2.06 | - |
| | | COC-671 | मे. टन | 1.55 | - |
| | | VSI-434 | मे. टन | - | 30.71 |
| | | CO-94012 | मे. टन | - | 17.215 |
| 2. | दुर्ग | Co-86032 आंखे | संख्या | 30,000 | - |
| 3. | राजनांदगांव | CoJN-86141 | मे. टन | 50.92 | - |
| 4. | बिलासपुर | KC-671 | मे. टन | 4.2 | - |
| | | Co-86032 | मे. टन | 0.6 | - |
| | | Co-86032 टिशु कल्चर पौधे | संख्या | - | 21,000 |

(ग) जी नहीं. गन्ना फसल प्रश्नांकित जिलों में राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना अंतर्गत अधिसूचित न होने के कारण गन्ना फसल पर बीमा नहीं किया गया है.

बाल श्रमिक शाला तथा बाल श्रमिकों पर व्यय राशि

11. ( *क्र. 907 ) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में बाल श्रमिक शाला एवं उनमें दर्ज बाल श्रमिक बच्चे की संख्या कितनी-कितनी है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) 2006-07 में बाल श्रमिक बच्चों पर शालावार कुल कितना व्यय किया गया ? जानकारी देवें ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) बाल श्रमिक शाला 40, बच्चों की दर्ज संख्या 1912 विकासखंडवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार. (ख) कुल व्यय रुपये 72,23,273/- शालावार व्यय का विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार.

किसान समृद्धि योजना के तहत लाभान्वित कृषक

12. ( *क्र. 787 ) **श्री चुरावन मंगेशकर :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र जरहागांव के अंतर्गत वि. ख.-पथरिया, मुंगेली, लोरमी में किसान समृद्धि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2007-08 में कितने किसानों को लाभान्वित किया गया है ? (ख) उपरोक्त विकासखण्ड में 2007-08 में इस योजना के तहत कितने किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) विकासखंड-पथरिया एवं मुंगेली के विधान सभा क्षेत्र जरहागांव के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में कुल 88 कृषकों को किसान समृद्धि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2007-08 में लाभान्वित किया गया है. विकासखण्ड लोरमी में किसान समृद्धि योजना लागू नहीं है. (ख) किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत वर्ष 2007-08 में विकासखण्ड पथरिया के 75 तथा विकासखंड मुंगेली के 100 इस प्रकार कुल 175 कृषकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है. विकासखंड लोरमी में किसान समृद्धि योजना लागू नहीं होने के कारण लक्ष्य निर्धारित नहीं है.

† परिशिष्ट "दो"

स्ट्रक्चर्स एवं नहर निर्माण हेतु अनुबंध के तहत भुगतान राशि

13. ( *क्र. 21) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले के खरसिया एवं जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा, जैजेपुर, सक्ती एवं डभरा विकासखण्ड में टर्न-की, के माध्यम से ठेकेदार/एजेन्सी से कितने रकबे में सिंचाई के लिए स्ट्रक्चर्स एवं नहर निर्माण के लिए कितनी राशि का अनुबंध किया गया था ? (ख) अनुबन्ध अनुसार कितने-कितने निर्माण कार्य पूर्ण किये गये हैं तथा कुल कितनी राशि का भुगतान हुआ है ?

**जल संसाधन मंत्री ( श्री हेमचंद यादव) :** (क) रायगढ़ जिले के खरसिया एवं जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा, जैजेपुर, सक्ती एवं डभरा विकासखण्डों में "टर्न की" के माध्यम से प्रसाद एण्ड कंपनी (प्रोजेक्ट वर्क्स) लिमिटेड, हैदराबाद से 64022 हेक्टेयर रकबे में सिंचाई क्षमता निर्मित करने के लिये स्ट्रक्चर्स एवं नहर निर्माण के लिये रु. 173.70 करोड़ का अनुबंध किया गया था. विकासखण्डवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) अनुबंध अनुसार 62213 हेक्टेयर सिंचाई हेतु 2622 नग स्ट्रक्चर्स एवं 836.09 कि. मी. नहर प्रणाली का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया. माह जनवरी 08 तक कुल रु. 172.22 करोड़ का भुगतान किया गया है.

कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना से प्रभावितों को मुआवजा

14. ( *क्र. 1053) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या जिला बस्तर के अंतर्गत कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना से प्रभावित विस्थापितों को मुआवजा दे दिया गया है ? यदि हां, तो कब ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : जिला बस्तर के अंतर्गत कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना से प्रभावित कुल 201 विस्थापितों में से 184 प्रभावित विस्थापितों को पूर्ण मुआवजा भुगतान किया जा चुका है. 16 प्रभावित विस्थापितों को भूमि का मुआवजा भुगतान कर दिया गया है, किन्तु अन्य सम्पत्तियों का मुआवजा भुगतान किया जाना शेष है. 01 प्रभावित विस्थापित, जिसकी केवल भूमि प्रभावित है, को मुआवजा भुगतान किया जाना शेष है. मुआवजा भुगतान की अवधि एवं संख्या का विवरण निम्नानुसार है :—

| स. क्र. (1) | मुआवजा भुगतान की अवधि (2) | मुआवजा प्राप्त करने वाले प्रभावितों की संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | मार्च 1983 से फरवरी 1993 | 49 |
| 2. | अगस्त 2003 | 18 |
| 3. | अप्रैल 2007 | 02 |
| 4. | जून 2007 | 63 |
| 5. | दिसम्बर 2007 | 67 |
| 6. | फरवरी 2008 | 01 |

साजा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत वृष्टि छाया योजना हेतु प्राप्त आवेदन एवं स्वीकृत कार्य

15. ( *क्र. 908) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वृष्टिछाया योजना अंतर्गत साजा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 में कितना-कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया ? (ख) निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध कितने आवेदन प्राप्त हुए ? कितने स्वीकृत हुए, कितने को अनुदान प्रदान करना शेष है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) लक्ष्यों का निर्धारण विधान सभा क्षेत्रवार नहीं किया जाता, बल्कि लक्ष्यों का विभाजन विकासखंडवार किया जाता है. किसान समृद्धि (वृष्टिछाया) योजनान्तर्गत साजा विधान सभा क्षेत्र साजा के अन्तर्गत आने वाले विकासखंडों के लिए

† परिशिष्ट "तीन"

निम्नानुसार लक्ष्य निर्धारित किया गया है :—

| क्र. | साजा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विकासखंड का नाम | लक्ष्य | |
|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2006-07 | वर्ष 2007-08 |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | साजा | 167 | 148 |
| 2. | बेरला | 168 | 137 |
| 3. | बेमेतरा | 169 | 142 |

(ख) प्रश्नांश "क" अनुसार निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त आवेदन, अनुदान स्वीकृत एवं अनुदान प्रदाय हेतु शेष कृषकों की संख्या निम्नानुसार है :—

| क्र. | वर्ष | वि. ख. | प्राप्त आवेदन | खनित नलकूप | अनुदान स्वीकृत/ प्रदाय संख्या | अनुदान प्रदाय हेतु शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | 2006-07 | साजा | 133 | 129 | 114 | 15 |
| | | बेरला | 120 | 103 | 51 | 52 |
| | | बेमेतरा | 186 | 186 | 132 | 54 |
| | | **योग** | **439** | **418** | **297** | **121** |
| 2. | 2007-08 | साजा | 106 | 53 | 43 | 10 |
| | | बेरला | 94 | 25 | 4 | 21 |
| | | बेमेतरा | 136 | 58 | 18 | 40 |
| | | **योग** | **336** | **136** | **65** | **71** |

----------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट ''एक''

[ तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 984 ) की जानकारी ]

निम्नलिखित मदों पर कार्यों के लिये किये गये व्यय की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | वर्ष | लेखाशीर्ष | | व्यय (रु. लाख में ) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | | (4) |
| 1. | 2005-06 | - | | - |
| 2. | 2006-07 | 1. 57-4701 छ. ग. सिंचाई विकास परियोजना (मध्यम ) | | |
| | | 01 वेतन भत्ते आदि | | 6.97 |
| | | 04-कार्यालयीन व्यय, 003 कार्यालयीन फर्नीचर एवं उपकरण | | - |
| | | 04-कार्यालय व्यय 009 सूचना एवं प्रौद्योगिकी | | - |
| | | 10 व्यवसायिक सेवा हेतु अदायगियां | | 133.22 |
| | | 28-मशीन एवं उपकरण | | 126.85 |
| | | 006-अन्य व्यय | | - |
| | | 34-वाहनों का क्रय 003-हल्का वाहन | | - |
| | | 97-निर्माण कार्य 003 बांध एवं नहर | | 74.44 |
| | | | **योग** | **341.48** |
| | | 1. 57-4702 छ. ग. सिंचाई विकास परियोजना (लघु ) | | |
| | | 1. व्यवसायिक सेवा अदायगियां | | 48.90 |
| | | 2. निर्माण कार्य 003 बांध एवं नहर | | 5.62 |
| | | | **योग** | **54.52** |
| 3. | अप्रैल 07 से जनवरी 08 | 1. 57-4701 छ. ग. सिंचाई विकास परियोजना (मध्यम ) | | |
| | | 01 वेतन भत्ते आदि | | 44.30 |
| | | 04-कार्यालयीन व्यय, 003 कार्यालयीन फर्नीचर एवं उपकरण | | 0.52 |
| | | 04-कार्यालय व्यय 009 सूचना एवं प्रौद्योगिकी | | 0.70 |
| | | 10 व्यवसायिक सेवा हेतु अदायगियां | | 199.41 |
| | | 28-मशीन एवं उपकरण | | 41.45 |
| | | 006-अन्य व्यय | | 0.46 |
| | | 34-वाहनों का क्रय 003-हल्का वाहन | | 21.51 |
| | | 97-निर्माण कार्य 003 बांध एवं नहर | | 14.57 |
| | | | **योग** | **322.92** |
| | | 1. 57-4702 छ. ग. सिंचाई विकास परियोजना (लघु ) | | |
| | | 1. व्यवसायिक सेवा अदायगियां | | 137.89 |
| | | 2. निर्माण कार्य 003 बांध एवं नहर | | 30.65 |
| | | | **योग** | **168.54** |
| | | | **महायोग** | **887.46** |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 907 ) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

| क्र. (1) | विकास खण्ड का नाम (2) | शाला का नाम (3) | दर्ज बच्चों की संख्या (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | विकास खण्ड दुर्ग-28 | 1. प्रतिमान बाल श्रमिक शाला केलाबाड़ी दुर्ग | 50 |
| | | 2. नवदीप बाल श्रमिक शाला मरौदा जिला दुर्ग | 50 |
| | | 3. ज्ञानदीप बाल श्रमिक शाला नेवई जिला दुर्ग | 50 |
| | | 4. सर्वोदय बाल श्रमिक शाला सुपेला जिला दुर्ग | 50 |
| | | 5. ज्ञानदीप बाल श्रमिक शाला कोहका जिला दुर्ग | 50 |
| | | 6. जन सेवा बाल श्रमिक शाला कुमदा जिला दुर्ग | 50 |
| | | 7. अनमोल बाल श्रमिक शाला हड्डी गोदाम जिला दुर्ग | 50 |
| | | 8. इन्द्रा बाल श्रमिक शाला हथखोज जिला दुर्ग | 50 |
| | | 9. ज्ञानोदय बाल श्रमिक रूआबांधा जिला दुर्ग | 50 |
| | | 10.आदर्श बाल श्रमिक शाला रिसाली जिला दुर्ग | 50 |
| | | 11. मैत्रीबाग बाल श्रमिक शाला मरौदा (1) जिला दुर्ग | 50 |
| | | 12. मैत्रीबाग बाल श्रमिक शाला मरौदा (2) जिला दुर्ग | 50 |
| | | 13. गायत्री बाल श्रमिक शाला सेक्टर 6 जिला दुर्ग | 50 |
| | | 14. ज्ञानज्योति बाल श्रमिक शाला भीम नगर जिला दुर्ग | 50 |
| | | 15. दीपमाला बाल श्रमिक शाला छावनी जिला दुर्ग | 50 |
| | | 16. आस्था क्रमांक एक बाल श्रमिक शाला खुर्सीपार जिला दुर्ग | 48 |
| | | 17. आस्था क्रमांक दो बाल श्रमिक शाला खुर्सीपार जिला दुर्ग | 48 |
| | | 18. अभ्युदय बाल श्रमिक शाला कैम्प एक जिला दुर्ग | 50 |
| | | 19. जागृति बाल श्रमिक शाला भिलाई तीन जिला दुर्ग | 45 |
| | | 20. राजीव बाल श्रमिक शाला राजीव नगर जिला दुर्ग | 50 |
| | | 21. सुरभि बाल श्रमिक शाला शक्ति नगर दुर्ग | 45 |
| | | 22. जवाहर बाल श्रमिक शाला जवाहर नगर जिला दुर्ग | 39 |
| | | 23. स्वावलम्बन बाल श्रमिक शाला गंजपारा जिला दुर्ग | 43 |
| | | 24. रानी लक्ष्मी बाई बाल श्रमिक शाला कातूल बोर्ड जिला दुर्ग | 35 |
| | | 25.आयुष्मति बाल श्रमिक शाला जिला दुर्ग | 50 |
| | | 26. संस्कार बाल श्रमिक शाला सिकोला भाटा जिला दुर्ग | 48 |
| | | 27. पंचशील बाल श्रमिक शाला बघेरा जिला दुर्ग | 50 |
| | | 28. भारती बाल श्रमिक शाला घासीदास नगर जिला दुर्ग | 50 |
| 2. | विकास खण्ड धमधा-03 | 29. सहस्त्रबाहु बाल श्रमिक शाला धमधा जिला दुर्ग | 50 |
| | | 30. उदय बाल श्रमिक शाला पथरिया विकास खण्ड धमधा जिला दुर्ग | 50 |
| | | 31. नवीन बाल श्रमिक शाला नंदिनी खुंदनी विकास खण्ड धमधा जिला दुर्ग | 50 |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
| --- | --- | --- | --- |
| 3. | विकास खण्ड पाटन-06 | 32. संकल्प बाल श्रमिक शाला चरौदा जिला दुर्ग | 50 |
| | | 33. प्रगति बाल श्रमिक शाला जीकेबिन जिला दुर्ग | 50 |
| | | 34. श्रद्धा बाल श्रमिक शाला देव बलौदा जिला दुर्ग | 50 |
| | | 35. विद्यानिकेतन बाल श्रमिक शाला पतौरा जिला दुर्ग | 40 |
| | | 36. जनसेवा बाल श्रमिक शाला पुरैना जिला दुर्ग | 50 |
| | | 37. जनसेवा बाल श्रमिक शाला स्टोरभाठा जिला दुर्ग | 50 |
| 4. | विकास खण्ड डौंडी लोहारा-03 | 38. विवेकानन्द बाल श्रमिक शाला राजहरा जिला दुर्ग | 33 |
| | | 39. स्वर्णदीप बाल श्रमिक शाला राजहरा जिला दुर्ग | 40 |
| | | 40. जीवन ज्योति बाल श्रमिक शाला राजहरा जिला दुर्ग | 48 |
| | | कुल योग | 1912 |

## प्रपत्र "ब"

| स. क्र. | शाला का नाम | राशि |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | प्रतिमान बाल श्रमिक शाला केलाबाड़ी दुर्ग | 2,00,336 |
| 2. | नवदीप बाल श्रमिक शाला मरौदा जिला दुर्ग | 1,75,623 |
| 3. | ज्ञानदीप बाल श्रमिक शाला नेवई जिला दुर्ग | 1,68,776 |
| 4. | सर्वोदय बाल श्रमिक शाला सुपेला जिला दुर्ग | 1,81,834 |
| 5. | ज्ञानदीप बाल श्रमिक शाला कोहका जिला दुर्ग | 1,97,583 |
| 6. | जन सेवा बाल श्रमिक शाला कुमदा जिला दुर्ग | 2,14,005 |
| 7. | अनमोल बाल श्रमिक शाला हड्डी गोदाम जिला दुर्ग | 97,616 |
| 8. | इन्द्रा बाल श्रमिक शाला हथखोज जिला दुर्ग | 1,81,216 |
| 9. | ज्ञानोदय बाल श्रमिक रूआबांधा जिला दुर्ग | 2,10,252 |
| 10. | आदर्श बाल श्रमिक शाला रिसाली जिला दुर्ग | 1,84,795 |
| 11. | मैत्रीबाग बाल श्रमिक शाला मरौदा (1) जिला दुर्ग | 1,73,779 |
| 12. | मैत्रीबाग बाल श्रमिक शाला मरौदा (2) जिला दुर्ग | 1.86,759 |
| 13. | गायत्री बाल श्रमिक शाला सेक्टर 6 जिला दुर्ग | 2,06,675 |
| 14. | ज्ञानज्योति बाल श्रमिक शाला भीम नगर जिला दुर्ग | 2,02,324 |
| 15. | दीपमाला बाल श्रमिक शाला छावनी जिला दुर्ग | 1,92,005 |
| 16. | आस्था क्रमांक एक बाल श्रमिक शाला खुर्सीपार जिला दुर्ग | 1,83,915 |
| 17. | आस्था क्रमांक दो बाल श्रमिक शाला खुर्सीपार जिला दुर्ग | 1,81,155 |
| 18. | अभ्युदय बाल श्रमिक शाला कैम्प एक जिला दुर्ग | 1,91,893 |
| 19. | जागृति बाल श्रमिक शाला भिलाई तीन जिला दुर्ग | 1,76,758 |
| 20. | राजीव बाल श्रमिक शाला राजीव नगर जिला दुर्ग | 1,92,347 |
| 21. | सुरभि बाल श्रमिक शाला शक्ति नगर दुर्ग | 1,91,615 |
| 22. | जवाहर बाल श्रमिक शाला जवाहर नगर जिला दुर्ग | 1,59,294 |
| 23. | स्वालम्बन बाल श्रमिक शाला गंजपारा जिला दुर्ग | 1,68,652 |
| 24. | रानी लक्ष्मी बाई बाल श्रमिक शाला कातूल बोर्ड जिला दुर्ग | 1,63,568 |
| 25. | आयुस्मति बाल श्रमिक शाला जिला दुर्ग | 1,56,660 |
| 26. | संस्कार बाल श्रमिक शाला सिकोला भाटा जिला दुर्ग | 1,73,135 |
| 27. | पंचशील बाल श्रमिक शाला बघेरा जिला दुर्ग | 1,88,267 |
| 28. | भारती बाल श्रमिक शाला घासीदास नगर जिला दुर्ग | 1,92,936 |
| 29. | सहस्त्रबाहू बाल श्रमिक शाला धमधा जिला दुर्ग | 1,85,663 |
| 30. | उदय बाल श्रमिक शाला पथरिया विकास खण्ड धमधा जिला दुर्ग | 1,97,834 |
| 31. | नवीन बाल श्रमिक शाला नंदिनी खुंदनी विकास खण्ड धमधा जिला दुर्ग | 1,72,065 |
| 32. | संकल्प बाल श्रमिक शाला मरौदा जिला दुर्ग | 1,91,273 |
| 33. | प्रगति बाल श्रमिक शाला जीकेबिन जिला दुर्ग | 1,99,955 |
| 34. | श्रद्धा बाल श्रमिक शाला देव बलौदा जिला दुर्ग | 1,87,865 |
| 35. | विद्यानिकेतन बाल श्रमिक शाला पतौरा जिला दुर्ग | 1,63,354 |
| 36. | जनसेवा बाल श्रमिक शाला पुरैना जिला दुर्ग | 1,81,644 |
| 37. | जनसेवा बाल श्रमिक शाला स्टोरभाठा जिला दुर्ग | 1,87,075 |
| 38. | विवेकानन्द बाल श्रमिक शाला राजहरा जिला दुर्ग | 1.35,273 |
| 39. | स्वर्णदीप बाल श्रमिक शाला राजहरा जिला दुर्ग | 1,66,872 |
| 40. | जीवन ज्योति बाल श्रमिक शाला राजहरा जिला दुर्ग | 1,60,627 |
| | **कुल योग** | **72,23,273** |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 21 ) के भाग ( क ) की जानकारी ]

"टर्न की " ठेका अन्तर्गत खरसिया शाखा नहर प्रणाली के विकासखण्डवार कार्य का विवरण

| स. क्र. | विकास खण्ड का नाम | अनुबंधानुसार प्रावधान | | | | वास्तविक कार्य | | | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सिंचाई (हेक्टेयर में ) | नहर की लम्बाई (कि. मी.) | स्ट्रक्चर्स की संख्या | राशि (लाख में ) | सिंचाई (हेक्टेयर में ) | नहर की लम्बाई (कि. मी.) | स्ट्रक्चर्स की संख्या | राशि (लाख में ) | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| 1. | खरसिया | 12,153 | 156.108 | 481 | 4895.89 | 10,342 | 155.378 | 481 | 4902.91 | |
| 2. | मालखरौदा | 21,430 | 279.426 | 781 | 4494.70 | 21,430 | 279.426 | 825 | 4443.50 | |
| 3. | जैजैपुर | 13,027 | 136.573 | 461 | 1110.68 | 13,029 | 136.573 | 446 | 1058.46 | |
| 4. | सक्ती | 2,308 | 30.66 | 94 | 3648.56 | 2,308 | 30.66 | 94 | 3648.56 | |
| 5. | डभरा | 14,714 | 230.299 | 671 | 3137.02 | 14,714 | 230.299 | 762 | 3085.42 | |
| 6. | रायगढ़ | 390 | 3.754 | 14 | 83.15 | 390 | 3.754 | 14 | 83.15 | |
| | योग | 64,022 | 836.820 | 25.02 | 173.70 | 62.213 | 836.09 | 2622 | 17222.00 | |